***Regarding establishment of international quality sports stadium in Agra**

श्री राजकुमार चाहर **(**फतेहपुर सीकरी**):** सभापति जी, आपने मुझे बोलने का अवसर दिया, इसके लिए धन्यवाद । मैं सबसे पहले देश के यशस्वी प्रधान मंत्री आदरणीय श्री नरेन्द्र मोदी जी को हृदय से धन्यवाद देना चाहता हूं कि खेलो इंडिया के अंतर्गत आज पूरी दुनिया में भारत हर क्षेत्र में आगे बढ़ रहा है**,** हमारे नौजवान खेल के हर क्षेत्र में आगे बढ़ रहे हैं । मैं आगरा जिले की चर्चा करना चाहता हूं । आगरा एक अंतर्राष्ट्रीय स्तर का जिला है । आगरा में विश्व प्रसिद्ध ताजमहल है । पूरी दुनिया के पर्यटक आगरा के अंदर ताजमहल देखने आते हैं । वहीं आगरा में फतेहपुर सीकरी**,** जो मुगल काल में भी भारत की राजधानी रहा है, वह भी एक विश्व प्रसिद्ध स्थल है । फतेहपुर सीकरी को भी देखने के लिए पूरी दुनिया के पर्यटक आते हैं ।

मैं आपके माध्यम से सरकार से अनुरोध करना चाहता हूं कि आगरा में अंतर्राष्ट्रीय स्तर का कोई स्टेडियम नहीं है । यह अंतर्राष्ट्रीय जिला है, लेकिन अंतर्राष्ट्रीय स्तर का कोई स्टेडियम नहीं है । आगरा ने क्रिकेट के क्षेत्र में, हॉकी के क्षेत्र में, एथलेटिक्स में, अन्य खेलों में भी बहुत-बहुत बड़े-बड़े खिलाड़ी भारत को दिए हैं । मैं आपके माध्यम से विनम्र प्रार्थना करता हं कि एक अंतर्राष्ट्रीय स्टेडियम और स्पोर्टर्स कॉलेज आगरा को दिया जाए । मेरी आपसे यही प्रार्थना है ।